सागर डिजिटल लाइब्रेरी से गरीब छात्रों को मिलेगी सुविधा : सुधाकर राय

बेगूसराय शि०प्र० (आससे)। शहर के जीडी कॉलेज के निकट सागर डिजिटल लाइब्रेरी के खुलने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं में खुशी देखी जा रही है। लाइब्रेरी का उद्घाटन सुधाकर राय, प्रोफेसर गौतम कुमार एवं शशि पांडे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा मिलने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए



बेहतर माहौल और अनुकूल वातावरण उपलब्ध होगा। इससे छात्र-छात्राओं को एकाग्रता के साथ अपनी पढ़ाई करने में सहूलियत मिलेगी। लाइब्रेरी के संचालक अंकित ने बताया कि सागर डिजिटल लाइब्रेरी में बेहतर सुविधाओं के साथ आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। यहां विद्यार्थियों के लिए ६४०० से लेकर ६६०० तक की फीस निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी में सुविधाएं विकसित की गई हैं। उद्घाटन समारोह में जिले के कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सूजा पंचायत को नगर निगम में शामिल नहीं होने दूंगा : त्रिभूवन

बेगूसराय (आससे)। सूजा पंचायत के ग्रामीण ने इस पंचायत को नगर निगम में शामिल करने के प्रस्ताव का व्रीव विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि नगर विकास विभाग के आदेश के आलोक में बेगूसराय नगर आयुक्त द्वारा सूजा पंचायत के मौजा भर्रा, मिल्की एवं सूजा को नगर निगम में शामिल करने का प्रस्ताव जिला पदाधिकारी को भेजा गया है। प्रस्ताव के विरोध में रविवार को सूजा पंचायत सरकार भवन परिसर में पंचायत के वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों की आपात बैठक आयोजित की गई। इसकी अध यक्षता पैक्स अध्यक्ष डा. शंकर प्रसाद शर्मा ने की।इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला प्रशासन प्रस्ताव को वापस ले, अन्यथा पंचायत के आम लोग आंदोलन करने को विवश होगे। बैठक को संबोधित



करते हुए। जनसुराज नेता पूर्व मुखिया त्रिभुवन कुमार राय ने कहा कि सूजा पंचायत को नगर निगम में शामिल करने का प्रस्ताव किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर टैक्स का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है और नगर निगम में शामिल होने से किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। पूर्व मुखिया चंद्रशेखर पासवान ने कहा कि निगम क्षेत्र में शामिल होने के बाद भवन निर्माण से लेकर जमीन की खरीद-बिक्री तक आम लोगों को जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ेगा। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि अवध शर्मा, पूर्व उप प्रमुख लक्ष्मी शर्मा, उपमुखिया नागमणि पटेल, पूर्व उपमुखिया राजेश शर्मा, पूर्व उपसरपंच मुकेश शर्मा, समाजसेवी संतोष मालाकार, अजय साहू, ध्रुव पासवान, सीताराम मेहता, चंदन शर्मा, अमरदेव शर्मा, गोविंद कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत, बाइक सवार युवक घायल

तिलरथ (आससे)। एचएच २८ पर शनिवार की देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गया। बाइक सवार लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। उनमें एक की मौत घटना के तत्काल बाद हो गयी। सूचनानुसार घटना बरौनी थाना के बरौनी पिपरा देवस के निकट हुई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्य में लग गयी। मृतक की पहचान पिपरा देवस नया टोला वार्ड नं०-०५, निवासी ४० वर्षीय भोला महतो पिता विष्णुदेव महतों के रूप में की गयी है। जबकि घायल बाइक सवार-मुंगेर निवासी तूफानी के पुत्र विकास कुमार के रूप में की गयी।

अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें
हावड़ा और पटना के बीच

आगामी दिवाली और छठ उत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **हावड़ा और पटना** के बीच **अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन की तिथियों, ठहराव और गठन के अनुसार चलेंगी:-

03033/03034 हावड़ा – पटना – हावड़ा अनरिजर्व्ड स्पेशल

हावड़ा – पटना			(03033) (03034)	पटना – हावड़ा		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
06.11.26	–	**17.40**	↓ **हावड़ा**	**22.15**	–	
एवं	19.32	19.34	**बर्द्धमान**	19.06	19.08	07.11.26
11.11.26	21.00	21.05	**आसनसोल**	17.00	17.05	एवं
	23.18	23.20	**जसीडीह**	14.02	14.04	12.11.26
07.11.26 एवं	01.18	01.20	**किऊल**	09.18	09.20	
12.11.26	**05.00**	–	**पटना** ↑	–	**06.30**	

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहेब और राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तारीख: हावड़ा से – 03033** दिनांक 06.11.2026 और 11.11.2026 (शुक्रवार और बुधवार) को = 02 ट्रिप और **पटना से – 03034** दिनांक 07.11.2026 और 12.11.2026 (शनिवार और बृहस्पतिवार) को = 02 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 16 और एसएलआरडी – 02 = 18 कोच **(अनरिजर्व्ड)। कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

03035/03036 हावड़ा – पटना – हावड़ा अनरिजर्व्ड स्पेशल

हावड़ा – पटना			(03035) (03036)	पटना – हावड़ा		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
07.11.26	–	**23.45**	↓ **हावड़ा**	**01.00**	–	09.11.26
	01.50	01.52	**बर्द्धमान**	22.51	22.53	
	03.33	03.36	**आसनसोल**	20.45	20.50	08.11.26
08.11.26	05.22	05.24	**जसीडीह**	18.25	18.27	
	08.02	08.04	**किऊल**	16.13	16.15	
	10.45	–	**पटना** ↑	–	**13.35**	

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहेब और राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तारीख: हावड़ा से – 03035** दिनांक 07.11.2026 (शनिवार) को = 01 ट्रिप और **पटना से – 03036** दिनांक 08.11.2026 (रविवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 16 और एसएलआरडी – 02 = 18 कोच **(अनरिजर्व्ड)। कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

निंगा लदौरा में ४ से ६ नवंबर तक होगा मुंगेर जोन का इज्तेमा



बेगूसराय (आससे)। जिले के बरौनी प्रखंड अंतर्गत नींगा पंचायत के लदौरा गांव में ४ से ६ नवंबर २०२६ तक मुंगेर जोन का तीन दिवसीय इज्तेमा आयोजित होगा। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इज्तेमा में मुंगेर जोन के बेगूसराय, खागड़िया, लखीसराय, जमुई, शेखपुरा और मुंगेर जिले से हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। आने वाले लोगों के लिए अलग-अलग टेंट, पंडाल, वजूखाना, शौचालय, पार्किंग और मेडिकल सुविधा की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, उलेमाओं की तकरीर सुनने के लिए विशाल पंडाल भी बनाया जा रहा है। निंगा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. आफाक अख्तर हुकूमत ने बताया कि इज्तेमा का उद्देश्य धार्मिक शिक्षा, आपसी प्रेम, भाईचारे और इंसानियत की भावना को मजबूत करना है। आयोजन की तैयारियों में मो. शकील, मो. आफाक अख्तर हुकूमत, मौलाना फरहान (नवादा), मो. शकील (लरुआरा), मास्टर एजाज खान (बथौली), मो. अजहर खान (बथौली), डॉ. बशीर (नींगा), मास्टर असद (नींगा लदौरा), मुफ्ती शादाब (बलिया), मुफ्ती अब्दुल जब्बार (बेगूसराय), डॉ. मुजफ्फर इकबाल (बरौनी), मुफ्ती इनाम (बलिया), मौलाना कलाम (कटहरी), मुफ्ती मुजाहिद इस्लाम, गुड्डू खान समेत अन्य लोग जुटे हुए हैं। आयोजन समिति के अनुसार, ४ नवंबर को सुबह फज्र की नमाज के बाद दुआ के साथ इज्तेमा शुरू होगा और ६ नवंबर को दिन में सामूहिक दुआ के साथ इसका समापन होगा।

खगड़िया के राजा कुमार की संदिग्ध मौत,परिजनो ने दोस्तों पर गंगा में डूबोकर हत्या करने का लगाया आरोप

बेगूसराय ग्रामीण(आससे)। बिहार के खगड़िया जिले के संसारपुर हरदास, वार्ड नंबर ३६ निवासी २५ वर्षीय राजा कुमार सिन्हा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मश्तक के परिजनों ने राजा के दोस्तों पर गंगा नदी में डुबोकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। परिजनों के अनुसार, राजा कुमार, पिता मनोज कुमार सिन्हा, अपनी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से बीती रात करीब सात बजे तीन दोस्तों के साथ पार्टी में शामिल होने के लिए घर से निकला था। रात करीब साढ़े नौ बजे जब परिजनों ने फोन किया, तो राजा ने बातचीत करते हुए बताया कि वह दोस्तों के साथ पार्टी में है और जल्द ही घर लौट आएगा। लेकिन सुबह पांच बजे जब परिजनों ने दोबारा फोन किया, तो राजा से संपर्क नहीं हो सका। परिजनों का शक उस वक्त और गहरा गया, जब लगातार फोन करने के बावजूद राजा का मोबाइल बंद बताने लगा। परिजनों के मुताबिक, उसके साथ गए तीनों दोस्तों के मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आने लगे। इसी बीच सुबह करीब साढ़े दस बजे परिजनों के मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि लाखो टोल टैक्स के पास गाड़ी में राजा गंभीर हालत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में राजा को इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मश्त घोषित कर दिया। राजा की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

अलग-अलग सड़क हादसो में चार लोगों की गयी जान

बछवाड़ा (आससे)। थाने अलग-अलग जगहों पर पिछले २४ घंटे के अंदर हुई सड़क हादसों में चार लोगों की जान गयी। खबर के अनुसार अरवा-कादराबाद सड़क चिमनी के पास शनिवार की संध्या में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए पहुँचाया। जिसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में एक युवक दम तोड़ दिया। एक युवक की इलाज करायी जा रही है। युवक की पहचान नावकोठी थाना क्षेत्र के बागर निवासी शंभू तांती के करीब २३ वर्षीय पुत्र मुरारी कुमार के रूप में की गई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं झमटिया चिमनी ढ़ाला के समीप एन.एच. २८ पर अज्ञात तेज रफ्तार बस ने दो बाइक सवार को रौंदा। दोनों युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बस चालक बस लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने कुछ देर तक एन.एच. २८ जाम कर दिया, जिससे आवागमन बाधित रहा। पुलिस शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल बेगूसराय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान समस्तीपुर जिला के विशनपुर दिगमारा निवासी २० वर्षीय हिमांशु कुमार के रूप में की गई। एक की पहचान नहीं हो सकी है। परिजन को पुलिस सूचना दे दिया है। बताया जाता है बरौनी से दोनों युवक काम करके लौट रहा था। गेट पास से पहचान की गई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया में लगी हुई है। इधर थाना क्षेत्र के चिरंजीवीपुर अस्पताल के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ पर शनिवार की शाम अज्ञात वाहन की ठोकर से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए।

सेवानिवृत्त स्टेशन मास्टर के घर से लाखों की चोरी

खोदावंदपुर (आससे)। थाना क्षेत्र की सागी पंचायत के नारायणपुर गांव स्थित वार्ड-८ में अज्ञात चोरों ने एक सेवानिवश्त्त स्टेशन मास्टर के बंद घर को निशाना बनाया। चोर घर का दरवाजा तोड़कर सात हजार रुपये नकद समेत लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा ले गये. चोरी की घटना के दौरान चोरों ने घर में रखे जमीन के दस्तावेज भी फाड़कर इधर-उधर फेंक दिये। मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर गांव निवासी स्वर्गीय महावीर झा के पुत्र एवं सेवानिवश्त्त स्टेशन मास्टर नवल मोहन झा दुर्गा पूजा के बाद २२ अक्टूबर को घर बंद कर समस्तीपुर स्थित अपने डेरे पर चले गये थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके बंद घर को निशाना बनाया। चोर घर के पिछले दरवाजे से अंदर दाखिल हुए। रविवार की सुबह गश्हस्वामी नवल मोहन झा अपने घर नारायणपुर पहुंचे और मैन गेट का ताला खोले तो देखें कि सभी कमरों का सामग्री बिखरा पड़ा हुआ है।

बगवान पब्लिक स्कूल में 'सुरक्षित बचपन अभियान' को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

बेगूसराय (आससे)। बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बगवान पब्लिक स्कूल, बेगूसराय में शनिवार, ३१ अक्टूबर को 'सुरक्षित बचपन अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री आकांक्षा कुमारी उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के अधिकार, अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, अनुचित व्यवहार के प्रति सतर्कता तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उचित सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अमरनाथ



मस्करा, प्राचार्य राकेश कर्ण, कह्रर्डिनेटर मिस प्रियंका ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुश्री आकांक्षा कुमारी ने बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के निदेशक अमरनाथ मस्करा ने कहा कि बच्चों का सुरक्षित बचपन ही एक सशक्त, शिक्षित और संवेदनशील समाज की आधारशिला है। विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता का विकास करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें
सियालदह और जयनगर, सियालदह और बलिया तथा कोलकाता और गोरखपुर के बीच

आगामी छठ उत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **सियालदह और जयनगर, सियालदह और बलिया** तथा **कोलकाता और गोरखपुर** के बीच निम्नलिखित अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन के दिनों और गठन के अनुसार चलेंगी:-

03137/03138 सियालदह–जयनगर–सियालदह अनरिजर्व्ड स्पेशल

सियालदह–जयनगर			(03137) (03138)	जयनगर–सियालदह		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
	--	**15.40**	↓ सियालदह	**01.30**	--	14.11.26
12.11.26	18.15	18.17	बर्द्धमान	22.32	22.34	
	20.05	20.10	आसनसोल	20.55	21.00	
	22.25	22.27	जसीडीह	18.35	18.37	13.11.26
13.11.26	04.40	04.45	दरभंगा	12.00	12.05	
	07.00	--	जयनगर ↑	--	**10.00**	

उपर्युक्त अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर और मधुबनी स्टेशनों पर भी रुकेंगी।
- **चलने की तिथियाँ/दिन: सियालदह से:** 03137 दिनांक 12.11.2026 **(बृहस्पतिवार)** को = 1 ट्रिप और **जयनगर से:** 03138 दिनांक 13.11.2026 **(शुक्रवार)** को=1 ट्रिप।● **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)- 18, एसएलआरडी- 02 = कुल 20 कोच (अनरिजर्व्ड);
- **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

03139/03140 सियालदह–बलिया–सियालदह अनरिजर्व्ड स्पेशल

सियालदह–बलिया			(03139) (03140)	बलिया–सियालदह		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
	--	**10.05**	↓ सियालदह	**01.30**	--	13.11.26
	12.32	12.34	बर्द्धमान	22.37	22.39	
	14.55	14.57	चित्तरंजन	19.53	19.55	
11.11.26	16.03	16.05	जसीडीह	18.45	18.47	12.11.26
	18.50	18.52	किऊल	15.00	15.02	
12.11.26	**04.00**	--	बलिया ↑	--	**07.00**	

उपर्युक्त अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, पानागढ़, दुर्गापुर, अण्डाल, आसनसोल, मधुपुर, सिमुलतला, झाझा, गिधौर, जमुई, मननपुर, बड़हिया, बरौनी, विद्यापतिधाम, मोहिउद्दीननगर, शाहपुर पटोरी, मेहनार रोड, देसरी, अक्षयवट राय नगर, हाजीपुर, सोनपुर, नयागांव, सीतलपुर, दिघवारा, छपरा, सुरेमनपुर, रेवती और सहतवार स्टेशनों पर भी रुकेंगी।
- **चलने की तिथियाँ/दिन: सियालदह से:** 03139 दिनांक 11.11.2026 **(बुधवार)** को = **1 ट्रिप** और **बलिया से:** 03140 दिनांक 12.11.2026 **(बृहस्पतिवार)** को = **1 ट्रिप**। ● **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)- 18, एसएलआरडी- 02 = कुल 20 कोच (अनरिजर्व्ड);
- **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

03141/03142 कोलकाता–गोरखपुर–कोलकाता अनरिजर्व्ड स्पेशल

कोलकाता–गोरखपुर			(03141) (03142)	गोरखपुर–कोलकाता		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
	--	**15.40**	↓ कोलकाता	**10.30**	--	
13.11.26	18.15	18.17	बर्द्धमान	06.51	06.53	
	20.45	20.47	चित्तरंजन	03.58	04.00	15.11.26
	22.25	22.27	जसीडीह	02.52	02.54	
14.11.26	03.45	03.50	मुजफ्फरपुर	21.40	21.45	14.11.26
	11.00	--	गोरखपुर ↑	--	**13.30**	

उपर्युक्त अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, आसनसोल, मधुपुर, झाझा, जमुई, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, मेहसी, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, सिसवा बाज़ार और कप्तानगंज स्टेशनों पर भी रुकेंगी।
- **चलने की तिथियाँ/दिन: कोलकाता से:** 03141 दिनांक 13.11.2026 **(शुक्रवार)** को = **1 ट्रिप** और **गोरखपुर से:** 03142 दिनांक 14.11.2026 **(शनिवार)** को = **1 ट्रिप**। ● **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)- 18, एसएलआरडी- 02 = कुल 20 कोच (अनरिजर्व्ड);
- **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

वर्गीकृत

शपथ-पत्र

मैं, बिमला शंकर प्रसाद, पिता-गौरी शंकर प्रसाद, पूर्व सीपीएल, सेवा संख्या 242591B, निवासी ग्राम कल्याणपुर, थाना-बिहिया, जिला भोजपुर (बिहार)। वर्तमान पता डोमगढ़ सिंदरी, जिला धनबाद, झारखंड। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेख में मिसेज मंजू बिमला शंकर प्रसाद एवं पीपीओ में मेरी पत्नी का नाम श्रीमती मंजू तथा जन्मतिथि 28/05/1975 दर्ज है। जबकि उनके आधार 619669526194 में सही नाम मंजू सिन्हा एवं जन्मतिथि 01/10/1955 है। मिसेज मंजू बिमला शंकर प्रसाद, श्रीमती मंजू एवं मंजू सिन्हा एक ही व्यक्ति हैं। इसलिए सेवा अभिलेख एवं पीपीओ में सही नाम एवं जन्मतिथि संशोधित कराने हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। शपथ पत्र संख्या 5081, 24/10/2026, आरा, भोजपुर
9/482/26

SAVE
सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 782, 7वीं मंजिल, वेगास मॉल, प्लॉट नंबर 6, सेक्टर-14, द्वारका, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110075, सीआईएन: U65929DL2016PTC304877
ई-मेल: cs@saveind.in

शाखा स्थानांतरण का विज्ञापन

यह सूचित किया जाता है कि मैसर्स सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (इसके बाद "कंपनी" के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 2013 के नियमों के तहत निगमित और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के साथ गैर-जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी- एमएफआई के रूप में पंजीकृत- पंजीकरण संख्या: एन-14.03377 का प्रमाणपत्र दिनांक 05 अक्टूबर, 2017 के माध्यम से है। एतद्द्वारा घोषणा करता है कि सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ- विजय कुमार, चकमहिला वार्ड नंबर-16, हाई स्कूल रोड चकमहिला, जिला-सीतामढ़ी बिहार 843302 में स्थित हमारी सीतामढ़ी शाखा, 01 दिसंबर 2026 से नई जगह सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ- रनिकु सिंह, पत्नी- राजेश कुमार सिंह, ग्राम मधुबन, पोस्ट चकमहिला, जिला-सीतामढ़ी बिहार, पिन नंबर 843302 में पुनः स्थापित किया जाएगा। और सभी ग्राहक सेवाएँ और पत्राचार ऊपर बताए गए नए शाखा पते पर जारी रहेगी। मौजूदा शाखा से सभी ग्राहकों के खाते, अभिलेख और अन्य विवरण आसानी से नई शाखा में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।

सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
अजीत कुमार सिंह
निदेशक
स्थान: सीतामढ़ी
दिनांक: 02-11-2026
डीआईएन: 01857072

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

हर्ल औद्योगिक प्रगति के साथ पार्यावरण सरक्षण को ले प्रतिवद्ध : नितिन सक्सेना



बेगूसराय ग्रामीण (आससे)। पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले अनूठे अभियान साइकिल पे संडे की ६२६वीं यात्रा की कड़ी में हर्ल बरौनी के परियोजना प्रमुख नितिन सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विष्णुदेव भारती लिखित और संगीतबद्ध साइकिल पे संडे थीम सहग्न को लांच किया गया। वहीं हर्ल बरौनी में परियोजना प्रमुख के रूप में एक वर्ष पूरा करते हुए नितिन सक्सेना ने एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धि पर हर्ल के उत्पादन की चर्चा की। ध्हरित भविष्य के लिए जीवनशैली में बदलाव जरूरी-नितिन सक्सेना। इस अवसर पर सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन सक्सेना ने कहा कि लगातार ६२६ रविवारों तक बिना रुके पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए समर्पित रहना अपने आप में एक मिसाल है। हर्ल भी औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके पूर्व अभियान के विनोद भारती, सुजीत कुमार, अंशु कुमार, कुणाल कुमार, शुभम कुमार, राम गोविंद, राज कुमार, कृष्णनंदन, मुकेश मधुकर, राजा, नीतीश, अजीत, प्रशांत कुमार, राजू कुमार द्वारा परियोजना प्रमुख का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. कुन्दन कुमार द्वारा किया गया। के दौरान परियोजना प्रमुख ने अन्य सदस्यों के साथ तय मार्ग पर साइकिल चलाई। इसके पूर्वध्अभियान के सदस्यों द्वारा खैराजी टोला जाकर पौधा वितरण किया गया।

दिल्ली रैली के समर्थन में कांग्रेसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ उतरे सड़क पर

बलिया (आससे)। दिल्ली में कांग्रेस की रैली के समर्थन में आज बलिया प्रखंड क्षेत्र के स्टेशन रोड में साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं बलिया पीसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतश्त्व में कांग्रेस नेता-कार्यकर्ताओं ने एक विरोध मार्च निकाला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कांग्रेस का यह मार्च कांग्रेस भवन में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी एवं स्वतंत्रता सेनानी व बलिया के प्रथम विधायक ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ।

इसके बाद यह मार्च पटेल चौक पहुंचा, जहां लौह पुरुष एवं प्रथम गश्ह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात मार्च बलिया प्रखंड कार्यालय स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचा, जहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और संविधान व लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया मो. इरशाद, अशोक सहनी, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा, मो. तारिक, मो. नवाब, शंकर रजक, नवीन सिन्हा, मो. मोख्तार, हेसामुल हक, राजेश मलाकार, अरुण गांधी, जीशान, मंजू देवी, रेखा देवी, सुरेंद्र शर्मा, सुजीत शाह, दीपक, बिट्टू, आमिर, नीरज, मेहराज, चंदन, विनोद सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस एक्शन मोड में झोपड़पट्टी से एक हजार अर्द्धनिर्मित शराब जब्त,नष्ट

बेगूसराय ग्रामीण(आससे)। दीपावली पर्व को देखते हुए बेगूसराय पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को नगर थाना क्षेत्र के लोहियानगर स्थित झोपड़पट्टी में पुलिस ने व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने देसी शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और अर्धनिर्मित शराब को बरामद कर नष्ट किया। साथ ही एक हजार लीटर से अधिक देसी शराब को भी नष्ट किया गया। बताया जाता है कि लोहियानगर झोपड़पट्टी में अवैध देसी शराब निर्माण और बिक्री की शिकायतों को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी करती रही है। दीपावली पर्व के मद्देनजर रविवार को एसपी के आदेश पर विशेष अभियान चलाया गया। इस छापेमारी में सैकड़ों पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही। छापेमारी के दौरान पुलिसकर्मियों ने झोपड़पट्टी के घरों में जाकर तलाशी ली और अवैध शराब की जांच की। अचानक बड़ी संख्या में पुलिस बल के पहुंचने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि एसपी के आदेश पर लोहियानगर झोपड़पट्टी में छापेमारी की गई।

भाकपा कार्यकर्त्ताओं ने सीईसी का फूंका पुतला

साहेबपुरकमाल(आससे)। सनहा पूर्वी पंचायत में भाकपा की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। इससे पूर्व भाकपा नेताओं की हुई बैठक की अध्यक्षता डोमन सदा ने की। मौके पर भाकपा की राष्ट्रीय परिषद सदस्य ललिता कुमारी ने कहा कि आज मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं। एक निष्पक्ष और संवैधानिक पद पर बैठे ज्ञानेश कुमार वोट चोरी कर संविधान का गला घोंटने का काम कर रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले एस आई आर के



जरिए करोड़ो वैध मतदाताओं का नाम काटकर उन्हें चुनाव से वंचित रखा गया ताकि इसका फायदा बीजेपी को मिले। उन्होंने मांग की कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग चलाकर उन्हें पद से बर्खास्त किया जाए। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रामकुमार सिंह, अंचल परिषद सदस्य टूना देवी, गोपाल पोद्दार, भावेश कुमार, शाखा सदस्य अशोक ठाकुर, सीताराम ठाकुर, सकलदेव ठाकुर, सहदेव ठाकुर, बेबी देवी, किरण देवी, अन्नू देवी, ममता देवी, रीना देवी, नीलम देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।